हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 सितंबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 34.2 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री

गढ़उमरिया में सरकारी सहयोग से शुरू हुआ नव गुरुकुल, रोजगार की मिलेगी गारंटी 4



**खबर संक्षेप**

## कलेक्टर ने ली लोनिवि की समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने सभी विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जशपुर जिले में अधोसंरचना विकास के लिए लगातार नई स्वीकृतियाँ मिल रही हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से जिले में जनसुविधाओं का दायरा बढ़ेगा और आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इसलिए सभी विभागीय अधिकारी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समय पर पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक कार्य की प्रगति को गूगल शीट में नियमित रूप से अपडेट करते रहें तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए फील्ड में जाकर लगातार निरीक्षण करें। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता मोचन कश्यप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 9407.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 9407.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 10 सितम्बर तक की स्थिति में 9027.2 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 11.4 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 1093.7 मिमी, मनोरा में 1167.5 मिमी, कुनकुरी में 1301.5 मिमी, दुलदुला में 580.9 मिमी, फरसाबहार में 748.4 मिमी, बगीचा में 1024.0 मिमी, कांसाबेल में 863.3 मिमी, पत्थलगांव में 859.3 मिमी, सन्ना में 1080.9 मिमी एवं बागबहार में 687.9 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

## जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम बिसौड़ी, निवासी स्व. सुन्दरी बाई का आकाशीय बिजली से 14 जून 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके माता फुलमईत बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## लापता बुजुर्ग का जंगल में मिला जला शव

**राजपुर।** लापता बुजुर्ग का जला हुआ शव झलरिया जंगल में बरामद किया गया है। मृतक लकवा की बीमारी से जूझ रहे थे। अब तक की जांच में व्यवसायी द्वारा खुद ही पेट्रोल डालकर आत्महत्या किए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और मामले की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि राजपुर खुटहनपारा निवासी 72 वर्षीय मुद्रिका सोनी 7 सितम्बर को की दोपहर 12 बजे घर से बिना कुछ बताए निकल गये थे और शाम तक वापस नहीं लौटे। बुजुर्ग के घर नहीं आने पर परिजन ने उनकी खोजबीन शुरू की लेकिन सफलता नहीं मिली जिसके बाद परिजन ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस द्वारा गुमशुदगी का मामला दर्ज कर बुजुर्ग की तलाश शुरू की। इस बीच 8 सितम्बर को परिजन को सूचना मिली कि मुद्रिका सोनी को राजपुर में ही एक दुकान से गैलन, झोला और माचिस खरीदते हुए देखा गया था। सामान खरीदने के बाद बुजुर्ग शिवम बस में बैठकर बलरामपुर की ओर निकल रहे थे। ऐसे में पस्ता पुलिस को घटना से अवगत कराया गया और परिजन भी पस्ता के लिए रवाना हुए।

### 30 लाख रूपए की ठगी का मास्टर माइंड को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# नकली को असली सोना बताकर 30 लाख रूपए की किया था ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- ऑपरेशन अंकुश की बड़ी सफलता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के द्वारा पुराने मामलों में फरार चल रहे आरोपियों की धरपकड़ हेतु ऑपरेशन अंकुश चलाया जा रहा है।

इस कार्य के लिये विशेष टीम बनाया गया है एवं सायबर सेल को भी सम्मिलित किया गया है, इसके तहत थाना बगीचा क्षेत्र के रिटायर्ड कर्मचारी से 30 लाख रू. ठगी के मामले में वर्ष 2020 से फरार चल रहा आरोपी अशोक बंजारे को मनेन्द्रगढ़ ⏭ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलता रहेगा अभियान

मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि, ऑपरेशन अंकुश के तहत जशपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। ठगी के मामले में 05 साल से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। ऐसे अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाया जा रहा यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

### विश्वास से शुरू और ठगी पर खत्म

3 जून 2020 को बगीचा थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी 58 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि खेत में टावर लगवाने के नाम पर उनके घर में अनुप सोनी उर्फ विजय सूर्यवंशी, विनोद सूर्यवंशी एवं अशोक बंजारे आये थे, इसी दौरान उनका परिचय हुआ था। इनके द्वारा प्रार्थिया एवं उसके पति को विश्वास मे लेने के बाद प्रार्थिया तथा उसके पति के विरूद्ध आपराधिक षड़यंत्र रचते हुये नकली सोना को असली बताकर पति के रिटायरमेंट के बाद मिले 30 लाख रू. को उपरोक्त आरोपीगण ठगी कर ले गये, तथा एक टीन का डिब्बा में लोहे का टुकड़ा को रखकर उसे सोना का बताकर दे दिए। जिसको बाद में खोलकर देखने बोलकर वे वहां से भाग गए। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 420, 120 (बी) भा.द.वि. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।प्रकरण की विवेचना दौरान पतासाजी कर वर्ष 2021 में मुख्य आरोपी अनूप सोनी को पटना जिला कोरिया से गिरफ्तार किया गया, उक्त आरोपी ने अपने सहयोगियों अशोक बंजारे एवं विनोद सूर्यवंशी के साथ मिलकर उक्त ठगी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया बताया। अन्य आरोपी विनोद सूर्यवंशी की पिछले साल रोड एक्सीडेंट में मृत्यू होने की जानकारी मिली है इसकी बारीकी से तस्दीक की जा रही।

### बिना हेलमेट और सीटबेल्ट

# जिला कार्यालय आने वालों को लौटाया गया वापस



जिला कार्यालय गेट से कर्मियों को वापस लौटाते पुलिस।

- सीटबेल्ट एवं हेलमेट पहनने के लिए जिला प्रशासन हुआ सख्त

**जशपुरनगर।** सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास ने सख्त रवैया दिखाते हुए बुधवार को जिला कार्यालय में नियमों के पालन को लेकर कार्रवाई की गई।


जहां जिला कार्यालय में बिना हेलमेट और सीटबेल्ट के आने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं कार्य हेतु आने वाले नागरिकों को दुपहिया वाहनों में हेलमेट एवं चार पहिया वाहनों में सीटबेल्ट लगाने की समझाइश देकर वापस लौटा गया। इस मौके पर जिला सेनानी नगर सेना विपिन किशोर लकड़ा ने भी जिला कार्यालय के मुख्य द्वार पर खड़े होकर लोगों को समझाइश दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर रोहित व्यास के द्वारा सड़क सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ⏭ शेष पेज 4 पर

# कुनकुरी में बनेगा अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

- 63 करोड़ 84 लाख की मिली मंजूरी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और नेतृत्व में जशपुर जिले को लगातार विकास की नई सौगातें मिल रही हैं। खेल प्रतिभाओं को पहचान और बेहतर अवसर दिलाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। जिले के कुनकुरी में अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए शासन द्वारा 63 करोड़ 84 लाख 89 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

यह खेल कॉम्प्लेक्स न केवल जशपुर बल्कि पूरे सरगुजा संभाग के लिए मील का पत्थर साबित होगा।खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधा इस कॉम्प्लेक्स के निर्माण से ग्रामीण और आदिवासी अंचल के युवाओं को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाएं उपलब्ध होंगी। अब खिलाड़ियों को बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यहीं पर उन्हें प्रशिक्षण, प्रतियोगिताएं और खेल आयोजन की बेहतर व्यवस्था मिलेगी। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की छुपी हुई खेल प्रतिभाएं निखरकर सामने आएंगी।युवाओं के लिए खेलों में करियर और रोजगार की नई संभावनाएं भी खुलेंगी।स्थानीय खेल प्रेमियों और युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि इस कॉम्प्लेक्स के बनने से जशपुर जिले की पहचान खेलों के क्षेत्र में और भी मजबूत होगी।



स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का मॉडल।

### एथलेटिक्स ट्रैक व पवेलियन बास्केटबॉल कोर्ट

कबड्डी और खो-खो के मैदान, आधुनिक स्विमिंग पूल एवं ड्रेस चेंजिंग रूम, वॉलीबॉल ग्राउंड, जंपिंग गेम और खेल उपकरण इन सभी व्यवस्थाओं से खिलाड़ियों को बड़े स्तर पर प्रशिक्षण और प्रतियोगिता का अनुभव मिलेगा।

### जशपुर का खेलों में नया स्वर्णिम अध्याय

जशपुर जिला पहले से ही अपनी खेल प्रतिभाओं के लिए प्रसिद्ध रहा है। यहां से कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। अब इस इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण से यह परंपरा और मजबूत होगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का यह कदम न केवल खेल प्रतिभाओं के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है, बल्कि यह जशपुर को खेलों की भूमि के रूप में नई पहचान भी दिलाएगा।

# राजपुरी नाला में बनेगा उच्च स्तरीय पुल

- 9 करोड़ 15 लाख की लागत से किया जाएगा निर्माण

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में तेजी से विकास किया जा रहा है,वर्षों पुरानी ग्रामीणों की बहुप्रतीक्षित मांग विष्णुदेव साय की सरकार ने पूरा कर दिया है।

छत्तीसगढ़ शासन ने जशपुर जिले के बगीचा से रेगले मार्ग पर राजपुरी नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण के लिए 9 करोड़ 15 लाख 14 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। वित्त विभाग की सहमति के बाद लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर से आदेश जारी किया गया है।आदेशानुसार पुल निर्माण की निविदा केवल 90 प्रतिशत बाधा रहित भूमि उपलब्ध होने के बाद ही आमंत्रित की जाएगी। साथ ही कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य पूर्ण पारदर्शिता, मितव्ययिता और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।यदि निविदा दर 10 प्रतिशत से अधिक होगी अथवा अतिरिक्त कार्य जुड़ेंगे तो पुनः प्रशासकीय स्वीकृति लेना आवश्यक होगा। साथ ही कार्य की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर कमी पाए जाने पर जिम्मेदारी तय कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



बाढ़ का पानी देखने आए ग्रामीण।

## तीन थाना क्षेत्रों में एक साथ कार्रवाई 19 पशु मुक्त, 6 तस्कर गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में जशपुर पुलिस ने एक बार फिर पशु तस्करों की नाक में दम कर दिया है। लगातार चल रहे ऑपरेशन शंखनाद के तहत बीते तीन दिनों में पुलिस ने जिले के सिटी कोतवाली, सोनक्यारी और कोतबा क्षेत्र में ताबड़तोड़ छापेमारी कर 19 पशुओं को तस्करों से मुक्त कराया और 06 तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

इस दौरान एक पिकअप वाहन भी जब्त किया गया। 08 सितंबर को चौकी सोनक्यारी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग दर्जनभर गौवंशों को बेरहमी से पीटते-हांकते हुए झारखंड की ओर ले जा रहे हैं।एएसआई वैभव सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर रवाना हुई।ग्राम गुल्लू, चाची डांड के पास तीन तस्करों को गौवंशों के साथ रंगे हाथ दबोच लिया गया। पकड़े गए आरोपियों में मो. एजाज अंसारी 35 वर्ष, ग्राम डडगांव, चौकी मनोरा, हेमंत यादव 35 वर्ष, ग्राम ओरकेला, चौकी सोनक्यारी, परमेश्वर यादव 25 वर्ष, ग्राम करालू रजला, चौकी मनोरा,पुलिस ने आरोपियों से जब कागजात मांगे तो वे कोई दस्तावेज नहीं दिखा सके। मौके से 13 नग गौवंश बरामद कर सुरक्षित छुड़ाए गए। आरोपियों पर छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 के तहत अपराध दर्ज कर जेल भेजा गया।

# बोकी एवं इचकेला में बाल सुरक्षा कार्यक्रम




कार्यक्रम में उपस्थित टीचर व बच्चे।

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोकी एवं पूर्व माध्यमिक कन्या शाला इचकेला में बाल सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग में आईसीपीएस और सीएचसी टीम द्वारा स्कूली बच्चों को बाल विवाह, बाल श्रम, मानव तस्करी, गुड टच बैड़ बैड टच, टोल फ्री हेल्प लाइन नम्बर 1098 एवं अन्य बाल सुरक्षा संबंधी विधियों एवं कानूनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों के साथ शिक्षको ने भी भाग लिया। दल द्वारा बाल सुरक्षा में शिक्षकों की भूमिका पर भी प्रकाश डालते हुए उन्हें बच्चों पर सतत ध्यान देने एवं किसी भी बच्चे को कोई समस्या होने पर उसकी काउंसलिंग करने के लिए प्रेरित किया।

### रूपसेरा में पोषण माह का हुआ आयोजन

एकीकृत बाल विकास परियोजना लोदाम के पतराटोली सेक्टर अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केंद्र रूपसेरा में मंगलवार को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पोषण माह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव की गर्भवती माताओं को विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना आदि के संबंध में बताया गया। इसके अतिरिक्त ऐसी महिलाएं जिनके आधार कार्ड 10 वर्ष या उससे पुराने हैं उन्हें अपना बायोमेट्रिक अपडेट करवाने तथा ऐसे बच्चे जिनके आधार कार्ड अब तक नहीं बने हैं, उन्हें अवश्य रूप से अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही ग्रामीण माताओं एवं किशोरी बालिकाओं से पोषण एवं स्वास्थ्य जांच तथा साफ-सफाई पर चर्चा की गई तथा पोषक आहार की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर किशोरी बालिकाओं को विशेष तौर पर नियमित रूप से अपने हीमोग्लोबिन स्तर की जांच कराने की सलाह भी दी गई।

# एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल चौबीसवें दिन भी जारी



धरना स्थल पर एनएचएम कर्मचारी।

**जशपुरनगर।** विगत चौबीस दिन से निरंतर एनएचएम कर्मचारियों का हड़ताल जारी है किंतु शासन स्तर से अभी तक किसी प्रकार की पहल नहीं की जा रही है।

संघ ने वर्तमान शासन को निरंकुश और असंवेदनशील बताया और कहा कि वर्तमान शासन सुशासन नहीं अपितु कुशासन प्रतीत हो रहा है। क्योंकि जहां एक ओर स्वास्थ्य मंत्री कर्मचारियों के प्रदर्शन को उनका संवैधानिक अधिकार बता रहे है वही दूसरी ओर अपने जीवन मूल्य और अधिकारों कि रक्षा के लिए हड़ताल कर रहे एनएचएम कर्मचारियों पर दोहरा चरित्र अपनाते हुए प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से कार्यवाही कराकर कर्मचारियों के मनोबल को तोड़ने का हर कुत्सित प्रयास कर रहे है। ऐसे में जहां कर्मचारी रूपी जनता के हित रक्षा ना हो तो फिर कहां का सुशासन।

### दम तोड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था और शासन का अड़ियल रवैया

जहाँ पूरे प्रदेश कि स्वास्थ्य सुविधाएं कर्मचारियों के घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण बिगड़ती जा रही है। जशपुर जिले की कई सरकारी स्वास्थ्य संस्थान बंद है कुछ संस्थानों का आलम ऐसा है कि वे सीमित और प्रतीक्षित मानव संसाधन के आभाव में आखिरी साँस ले रही है। ऐसे में सरकार का कर्मचारी विरोधी अड़ियल रवैया कब तक बरकरार रहेगा। और प्रदेश कि स्वास्थ्य व्यवस्था कब दम तोड़ेगी ये देखना महत्वपूर्ण होगा।

### कर्मचारियों के हौसले बुलंद

संघ के पदाधिकारियों पर हुये बर्खास्तगी की कार्यवाहियों के विरोध में जशपुर जिले एनएचएम के 845 कर्मचारियों ने विगत सोमवार को अपना सामुहिक इस्तीफा देकर स्पष्ट कर दिया है कि जब तक शासन कर्मचारियों कि मांगों को लिखित में पूरा नहीं करेगी तब तक हड़ताल समाप्त नहीं होगा।

### मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील

एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों ( संविलयन, ग्रेड पे, अनुकंपा नियुक्ति, पब्लिक हेल्थ कैडर, कार्य मूल्यांकन में पारदर्शिता, स्वास्थ्य बीमा, अवकाश सुविधा, मेडिकल अवकाश, स्थानांतरण नीति, नियमित पद में आरक्षण) के संबंध में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से अपील की है और वे कर्मचारियों के मांगों को यथाशीघ्र संज्ञान में लेकर विभागीय मंत्री सहित प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता कर कर्मचारियों के हित कि रक्षा के लिए पहल करें।

### बीजेपी कार्यालय घेराव

संघ के निर्धारित गतिविधि अनुसार संघ द्वारा स्थानीय बीजेपी कार्यालय का घेरावा किया जाना था किंतु राज्य शासन के निर्देश पर बीजेपी कार्यालय घेराव की अनुमति प्रशासन स्तर से प्रदान नहीं की गयी। जिसके कारण कर्मचारियों में व्यापक रोष व्याप्त है। संघ ने स्पष्ट कहा कि शासन पूर्ण रूप से असंवेदनशील और निरंकुश हो गई है। प्रदेश के कर्मचारियों की आवाज को दबाने के लिए प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। हड़ताल को देखते हुए ऐसा प्रतीत हो रहा है कि पूरे प्रदेश स्तर पर कर्मचारी बड़ा प्रदर्शन करने कि तैयारी में है। जिसकी सुगबुगाहट दिख रही है।

### रिश्तेदारों व मित्रों में खुशी की लहर

# मेजर अल्तमश संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में लेबनान जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

भारतीय सेना के मेजर अल्तमश सिद्दीकी को संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में लेबनान जाने हेतु चयन किया गया है । वे गुवाहाटी में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे थे।

जशपुर जिले के कुनकुरी निवासी मेजर अल्तमस की इस उपलब्धि को लेकर उनके माता श्रीमती शंमा सिद्दीकी और पिता खालिद सिद्दीकी तथा छोटा भाई अरहम सिद्दीकी सहित सभी परिचित मित्रों ने खुशी जताते हुए इसे गर्व का क्षण बताया। कुनकुरी के वरिष्ठ पत्रकार ओम शर्मा, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अद्याशंकर त्रिपाठी ने कहा कि यह जशपुर जिले के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरवान्वित करने की बात है। दरअसल,मेजर सिद्दीकी भारतीय सेना के एक योग्य अधिकारी हैं, जिन्हें इस मिशन के लिए विशेष रूप से चुना गया है। भारतीय सेना नियमित रूप से अपने अधिकारियों को लेबनान भेजती है, जहां वे गश्त, निगरानी, डी-माइनिंग (खदान हटाना) और समुदाय सेवा जैसे कार्यों में भाग लेते हैं। उनका चयन उनकी क्षमता, प्रशिक्षण और शांति मिशनों के अनुभव के आधार पर किया गया है। यह भारत की वैश्विक शांति भूमिका को मजबूत करता है।यह मिशन यूनाइटेड नेशंस इंटरिम फोर्स इन लेबनान के नाम से जाना जाता है। यह संयुक्त राष्ट्र की एक प्रमुख शांति स्थापना मिशन है, जिसकी स्थापना 19 मार्च 1978 को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 425 के तहत की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य लेबनान के दक्षिणी क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना है।



### इस मिशन की चुनौतियाँ

लेबनान में अस्थिरता, हिजबुल्लाह की उपस्थिति और इजरायल के साथ तनाव के कारण शांति सैनिकों को खतरा रहता है। कई बार गोलीबारी या हमलों की घटनाएँ होती हैं।

### ट्रक में 440 बोरी यूरिया लोडकर तस्कर ले जा रहे थे यूपी

**अम्बिकापुर।** एक तरफ यूरिया के लिए किसान भटक रहे हैं वहीं दूसरी तरफ तस्कर बेखौफ होकर पड़ोसी राज्यों में यूरिया की तस्करी कर रहे हैं। बिचौलियों द्वारा यूरिया की तस्करी की सूचना पर एसडीएम आनंद राम नेताम के नेतृत्व में राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने यूरिया लोड एक ट्रक को जब्त किया है। कोचियों एवं बिचौलियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई एवं उर्वरक दुकानों की नियमित जांच करने के लिए कृषि विभाग के दावे के बावजूद यूरिया की कालाबाजारी थमने का नाम नहीं ले रही है। किसानों को समितियों से समय पर यूरिया उपलब्ध नहीं हो रही है जिसके कारण वे महंगे दामों पर बिचौलियों से यूरिया खरीद रहे हैं दूसरी तरफ उर्वरक व्यवसायी जमकर यूरिया की कालाबाजारी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एसईसीएल बिश्रामपुर में पदस्थ 11 सुरक्षाकर्मियों को पदोन्नति



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थ 86 सुरक्षाकर्मियों को कंपनी प्रबंधन ने पदोन्नति प्रदान की है जिनमें से बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ 11 सुरक्षा कर्मी इस सूची से लाभान्वित हुए हैं,बिश्रामपुर क्षेत्र में पदस्थ प्रधान सुरक्षा प्रहरी राम सिंह के सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नत होने पर आज मंगलवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक कार्यालय में डॉ संजय सिंह व महाप्रबंधक संचालन जीके रॉय ने राम सिंह के कंधे में स्टार लगा कर पदोन्नति की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर अधिकारियों ने सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक को ईमानदारी से कंपनी के हित में कार्य करते रहने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह सहित सहित अन्य लोग उपस्थित थे,गौरतलब है कि 6 सितंबर को कंपनी मुख्यालय से जारी प्रमोशन सूची में 36 सुरक्षा प्रहरियों को वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरी जबकि 44 वरिष्ठ सुरक्षा प्रहरियों को प्रधान सुरक्षा प्रहरी, वहीं 6 प्रधान सुरक्षा प्रहारियो को सहायक सुरक्षा उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति दी गई है,सभी पदोन्नत कर्मियों के लिए 6 माह की परिवीक्षा अवधि निर्धारित की गई है।

### ग्राम पंचायत कंचन टोली में हुआ फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**कुसमी।** ग्राम पंचायत कंचन टोली में फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी और सरपंच नमिता भगत की उपस्थिति में किया गया। कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कंचन टोली ग्राम पंचायत में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने हिस्सा लिया है। रविवार को जनपद उपाध्यक्ष अशोक सोनी, कंचन टोली सरपंच की नमिता भगत की उपस्थिति में फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ के अवसर पर ग्राम पंचायत जवाहर नगर एवं नगर पंचायत कुसमी के दर्री टोला के बीच प्रथम मैच खेला गया, दूसरा मुकाबला जवाहर नगर एवं ग्राम पंचायत राम नगर के बीच हुआ। फुटबॉल खेल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 31 हजार, द्वितीय 15 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 6 हजार सहित सांत्वना पुरस्कार वितरण किया जाएगा। इस दौरान राजेश्वर गुप्ता, सतानन्द कुशवाहा, संदीप निकुंज, रविन्द्र भगत, अरुण बेक, निर्दोष, मंगल,जगदीश सहित काफी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

### आईटीआई में प्रशिक्षार्थियों को दी गई पाठ्यक्रम की जानकारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में नवप्रवेशित शिक्षार्थियों के लिए नव कौशल, नई राह, नया हुनर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सी.एस.पैंकरा ने कहा कि संस्थान युवाओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा देकर आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रशिक्षण अधिकारियों ने क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम के उद्देश्य, पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण अवधि और लाभ के बारे में बताया तथा विभिन्न योजनाओं, छात्रवृत्ति, प्लेसमेंट अवसरों लेटरल एंट्री तथा अप्रेंटिसशिप के विषय में जानकारी दी। कार्यक्रम में शिक्षार्थियों की शंकाओं का समाधान प्राचार्य श्री पैंकरा ने किया तथा विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर सीखने की प्रेरणा दी।

### खोपा में युवक ने दुकान में लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस चौकी के ग्राम खोपा में मंगलवार दोपहर 39 वर्षीय युवक सिखल राम राजवाड़े पिता बिरझु राम ने खोपा धाम के समीप अपने दुकान में गमछा के सहारे फांसी लगा खुदकुशी कर ली है।परिजनो के मुताबिक युवक शराब पीने का आदि था।सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम कराने उपरांत मामले में मर्ग कायम किया है।

### भोजन करने के बाद बिगड़ी बालक की तबीयत, मौत

**अम्बिकापुर।** जयनगर थाना अंतर्गत गोपालपुर निवासी बादल टेकाम आ. कृष्णा टेकाम (15 वर्ष) बीती रात परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर में भोजन किया। भोजन करने के कुछ देर बाद ही बालक उल्टी करने लगा। बालक के पेट में दर्द तथा लगातार उल्टी करने से उसकी तबीयत काफी बिगड़ गई। परिजन बालक को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सको ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि बालक शाम को गांव में मछली पकड़ने गया था और घर लेकर आया जिसके बाद भोजन करते ही उसकी तबीयत खराब हो गई। बालक की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** जंगल से बकरी चराने गई महिला से दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है।
पुलिस के अनुसार महिला 3 सितम्बर को बैल व बकरी चराने के लिए दोपहर 2 बजे गोलाडिपा बजरमारा जंगल गई थी। इस दौरान महिला को अकेला पाकर सतेश्वर कोरवा ने उसे झाड़ी में खींच लिया और जबरन दुष्कर्म किया।

## अलग-अलग गांवों में बोल रहे धावा

# दल से अलग हुए दो दंतैल बने खतरनाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- रतजगा कर रहे क्षेत्र के ग्रामीण

मैनपाट में लम्बे समय से भ्रमण कर रहा 13 हाथियों का दल ग्रामीणों की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी चुनौती बन गया है। मैनपाट के अलग-अलग क्षेत्रों में अकेले भ्रमण कर रहे दंतैलों ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। हाथियों की निगरानी में वनकर्मियों को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

मैनपाट में भ्रमण कर रहे हाथियों के दल से दो दंतैल अलग हो गए हैं तथा पिछले एक पखवाड़े से अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे हैं वहीं 11 हाथियों का दल एक साथ घूम रहा है। ग्यारह हाथी कभी सीतापुर के सीमावर्ती गांवों में तो कभी कापू के सीमावर्ती गांवों में तबाही मचा रहे हैं। हाथियों के दूसरे क्षेत्र में जाने से लम्बे समय से रतजगा कर रहे ग्रामीणों को तबाही से राहत मिलने की उम्मीद थी लेकिन अकेले घूम रहे हाथियों ने ग्रामीणों की परेशानी और अधिक बढ़ा दी है। लोनर हाथी कभी भी बस्ती में पहुंच जा रहे हैं जिससे अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो जा रही है तथा ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर भागकर अपनी जान बचानी पड़ रही है। लोनर हाथी पिछले 10 दिनों से ग्राम बरडांड, बाबा पहाड़ एवं बरवाली बस्ती में धावा बोल रहे हैं। वन अमला एक गांव में पहुंचकर दंतैल को नियंत्रित करने के साथ ही ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहे हैं तभी दूसरे गांव से दंतैल के पहुंचने की सूचना आ जा रही है। ऐसे वनकर्मियों को भी पूरी रात भागदौड़ करनी पड़ रही है। बीती रात एक दंतैल बाबा पहाड़ में पहुंच गया था वनकर्मी ग्रामीणों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पहल कर ही रहे थे कि बरडांड में दूसरे दंतैल के पहुंचने की सूचना मिली। गजराज वाहन से दंतैल को खदेड़ा गया तो दूसरा दंतैल बरवाली बस्ती में पहुंच गया। वनकर्मियों एवं ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सुबह 4 बजे दोनों दंतैलों को कापू जंगल में खदेड़ा।



गांव में निगरानी करते वनकर्मी व ग्रामीण।



क्षतिग्रस्त घर।



### हमले में गंभीर महिला की मौत

पांच दिन पूर्व हाथियों के हमले में गंभीर रूप से घायल जामकानी परसापारा निवासी सुकवारो पति प्रेमसाय कंवर (55वर्ष) की ईलाज के दौरान सोमवार की शाम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। परिजन ने बताया कि 4 सितम्बर को पति-पत्नी घर में सो रहे थे। इस दौरान मध्यरात्रि 11 हाथी पहुंचे एवं घर के छप्पर को उखाड़ने लगे। शोर सुनकर नींद खुली तो पति-पत्नी किसी आदमी की हरकत समझ बाहर निकले तो हाथियों को खड़े देख घबरा गए तथा दोनों सुरक्षित ठिकाने की ओर भागने लगे। इस दौरान प्रेमसाय तो भाग निकला लेकिन सुकवारो भागने के दौरान अंधेरे में हाथी के पिछले पैर से टकराकर गिर पड़ी। इस दौरान हाथी उसके बाए पैर को कुचलकर दल के साथ चला गया। हाथियों के जाने पर ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां स्थिति बिगड़ने पर चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर कर दिया। उपचार के दौरान पीड़िता ने सोमवार को दम तोड़ दिया। परिजन ने बताया कि एक महीने पूर्व भी हाथियों ने धावा बोला था तथा घर में तोड़फोड़ की थी लेकिन विभाग द्वारा अब तक क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया है। हाथियों का दल अभी भी जामकानी एवं अलोला जंगल में जमा है। बीती रात अकेले घूम रहा दंतैल भी बस्ती में पहुंचा था।

### फसलों को कर रहे तबाह

हाथी घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही धान व मक्का की फसल को तबाह कर रहे हैं। दल से अलग होने के बाद अकेले घूम रहे दंतैल आक्रामक हो गए हैं तथा बार-बार एक ही गांव में धावा बोल रहे हैं। अकेले घूम रहे हाथी आदमी को देखते ही हमलावर हो जा रहे हैं। सोमवार को ग्राम बाबा पहाड़ निवासी एक युवक का दंतैल से सामना हो गया था। युवक ने खाई में कूदकर अपनी जान बचाई।

### ईद मिलादुन्नबी पर किया गया रक्तदान

**झिंगो।** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रक्तदान एवं सुन्नत का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष जफर खान की अध्यक्षता में किया गया। संगठन ने राजपुर ब्लॉक में 6 सितंबर को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर रक्तदान एवं सुन्नत का कार्यक्रम तेज बल्ड सेंटर के डॉक्टरों की टीम ने संगठन के नेतृत्व में शिविर लगाया। जिला अध्यक्ष जफर खान ने बताया कि यह सामाजिक काम है जिसमें समाज को लाभ होगा। बल्ड जैसी समस्याओं से निदान पाने के लिए एक शुरुआत किया गया है। संगठन के काफी लोगों ने रक्तदान किया। जफर खान बताया कि इस तरह के सामाजिक काम पूरे जिले में लगातार किया जाएगा जिससे समाज में लोगों लाभ मिल सके। रक्तदान एवं सुन्नत के कार्यक्रम में राजपुर चिकित्सालय के बीएमओ डॉ. आलोक मिश्रा ने दवाओं और चिकित्सालय से स्टाफ भेजा। इस दौरान जफर खान, इंतखाब, मुस्तफा, मुबारक, तौफीक, इमरान, मोहसिन, सलमान, आकिब, नेसार, सद्दाम, हसरत, रईस, इखलाक, इरफान, एहसान, महफूज, मोजाफ़रि, साबिर, राजू सहित अन्य उपस्थित थे।



## भूषा लोड पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, चालक की मौत

- वाहन स्वामी ने मामूली चोट बोलकर भेज दिया घर, उपचार के दौरान तोड़ दम

**सीतापुर।** भूषा लोड पिकअप अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। इस हादसे में पिकअप चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। बड़ी बात यह है कि अंदरूनी चोट लगने के बाद भी वाहन मालिक ने चालक को उपचार के लिए समय पर भर्ती नहीं कराया।

बताया जा रहा है कि ग्राम कतकालो निवासी 55 वर्षीय लोभन चौहान भूषा व्यवसायी मुकेश अग्रवाल निवासी सीतापुर के यहां चालक का काम करता था। रविवार को लोभन पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 64 एटी 9579 से भूषा लेने रायगढ़ जिले के ग्राम मड़वाताल गया था। भूषा लेकर वापस लौटते समय थाना क्षेत्र के ग्राम कोटछाल के समीप चालाक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर खेत मे पलट गया। इस घटना में चालक को अंदरूनी चोट आई थी। घटना की सूचना मिलने के बाद चालक की पत्नी अपने परिचित के साथ बाइक से कोटछाल जाने के लिए निकली थी इस दौरान ग्राम डांगबुड़ा के पास सामने से पिकअप वाहन में घायल चालक को लेकर भूषा व्यवसायी मुकेश अग्रवाल आ रहा था। भूषा व्यवसायी घायल चालक को लेकर ग्राम सोनतराई स्थित अपने भूषा गोदाम पहुंचा। जब युवक की पत्नी मौके पर पहुंची तो व्यवसायी ने चालक को ज्यादा चोट नहीं आने की बात कहते हुए उसे उसकी पत्नी के सुपुर्द कर दिया। परिजन भी भूषा व्यवसायी की बातों पर भरोसा करते हुए चालाक को गोदाम से अपने साथ बाइक में लेकर घर पहुंचे लेकिन घर पहुंचने पर पता चला कि वह बेहोश है। दुर्घटना में चालक को कमर, पैर, बाई पसली एवं शरीर के अंदरूनी हिस्से में गंभीर चोट लगी थी। देर रात युवक को उपचार के लिए एंबुलेंस के जरिए सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान गंभीर हालत में युवक की मौत हो गई।

## बिश्रामपुर समेत 9 स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस



**बिश्रामपुर।** मातृत्व जीवन का सबसे अहम पड़ाव होता है, लेकिन यदि गर्भावस्था के दौरान समय पर जांच और इलाज न मिले तो यह मां और शिशु दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है,इसी उद्देश्य से चलाए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का विशेष आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर,लटोरी समेत अन्य 7 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया, उक्त अभियान के तहत 9 सितंबर को आयोजित इस विशेष दिवस पर सैकड़ों गर्भवती महिलाएं स्वास्थ्य केंद्र पहुंचीं यहां उनका रजिस्ट्रेशन,स्वास्थ्य जांच,रक्त एवं मूत्र की जांच,सोनोग्राफी,दवा वितरण,पोषण परामर्श औरकाउंसलिंग की व्यवस्था की गई थी,अभियान में विशेष रूप से हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाली महिलाओं की पहचान कर उन्हें आवश्यक परामर्श और निगरानी में रखने की पहल की गई,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में इस अभियान को सफल बनाने के लिए पहले से ही पूरी तैयारी कर ली गई थी,यहां पर अलग रजिस्ट्रेशन काउंटर,काउंसलिंग डेस्क,लैब जांच और चिकित्सक परामर्श,दवा वितरण केंद्र की व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर सुरजपुर बीएमओ डॉ अमित भगत ने कहा कि राज्य शासन के निर्देश पर जिले भर की सभी गर्भवती महिला को प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही हैं,मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है,अभियान को सफल बनाने में बीएमओ डॉ अमित भगत समेत शत्रुघ्न भगत,डॉ आकृति दुबे,डॉ ज्योत्सना बड़ा और सिस्टर मीनू राय सक्रिय रहे,गर्भवती महिलाओं ने इस अभियान को लेकर संतोष जताया,कई महिलाओं ने कहा कि पहले उन्हें नियमित जांच और सलाह के लिए दूर जाना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें हर महीने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ही सारी सुविधाएं मिल जाती हैं।



## युवा लेखक प्रशांत की नई पुस्तक कवच के पार का विमोचन

**सीतापुर।** युवा लेखक एवं साहित्यकार प्रशांत चतुर्वेदी द्वारा लिखित पुस्तक कवच के पार का विमोचन किया गया। कमलापुरी भवन में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने इसका विमोचन किया। इस दौरान विधायक ने लेखक प्रशांत चतुर्वेदी को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लेखक अपनी लेखनी से हमेशा समाज को जगाने का काम करता है। पेशे से शिक्षक प्रशांत चतुर्वेदी का एक लेखक के रूप में अलग पहचान है।उन्होंने इससे पहले स्वर्ग की अनुभूति केदारनाथ यात्रा नामक पुस्तक लिखी थी।जिसे पाठकों द्वारा काफी सराहा गया था। उन्होंने अपनी दूसरी पुस्तक कवच के पार में जीवन के विभिन्न पहलुओं जैसे जिज्ञासा शक्ति प्रेम शांति और मोक्ष की तलाश को दर्शाया है। पुस्तक विमोचन के पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें नगर की कवियत्री मधु गुप्ता, नीलम सोनी, अनिता तिवारी, कवि कृष्णमोहन निगम, प्रकाश गुप्ता ने शिरकत की एवं अपनी कविता का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन सुशील मिश्र एवं आभार प्रदर्शन प्रिया एवं प्राची चतुर्वेदी ने संयुक्त रूप से किया। राजकुमार गुप्ता, मोहन अग्रवाल समेत काफी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

## मुक़बधिर बच्चों द्वारा बनाई गई आर्ट क्राफ्ट

# नगर के ज्ञानोदय श्रवण बाधित विद्यालय में मनाया गया त्रिदशक समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





शिक्षा के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में दिव्यांगजनों को जोड़ने का कठिन लेकिन गौरवपूर्ण सफर तय करने वाले ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय में सोमवार को 30 वें वर्षगांठ पर त्रिदशक समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने दीप प्रज्वलित कर किया,उनके साथ विशिष्ट अतिथियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता चरण सिंह अग्रवाल,अजय गोयल,सुरजपुर जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह,नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव, उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, राजेश यादव, देवधन राम बिंझिया, कैलाश सिरदार, हरीश राजवाड़े, शीतीकांत स्वाई, संत सिंह, गोपाल सिंह विद्रोही, रामलाल सोनी, गीता घोषाल, श्यामा पांडेय, खजानचंद जिंदल, विवेक जायसवाल उपस्थित थे। समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा,स्वागत गीत शिक्षिका दीपिका तिवारी ने प्रस्तुत किया, बच्चों ने समूह नृत्य और लोकगीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, विद्यार्थियों द्वारा पहलगाम आतंकी घटना पर आधारित नाट्य मंचन ने सबको भावुक कर दिया, वीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग और जूनियर डीपीएस के छात्रों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और भव्य बना दिया, अतिथियों ने बच्चों द्वारा निर्मित आर्ट-क्राफ्ट,चित्रकला और रंगोली प्रदर्शनी का अवलोकन किया, मंत्री राजवाड़े और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों से साइन लैंग्वेज में संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया, मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि ज्ञानोदय श्रवणबाधित विद्यालय ने 30 वर्षों में दिव्यांग बच्चों के लिए जो कार्य किया है,वह अद्वितीय और प्रशंसनीय है,संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल और उनकी टीम ने दिव्यांगों को शिक्षा ही नहीं दी बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर जीवन जीने की शक्ति भी दी,कन्या छात्रावास भवन की समस्या सहित विद्यालय की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समाज कल्याण मंत्रालय हरसंभव प्रयास करेगा।संस्था के अध्यक्ष विजयराज अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय से पढ़े कई विद्यार्थी आज सरकारी सेवाओं, निजी कंपनियों और स्वरोजगार से जुड़े हुए हैं।आज जब वे अपने परिवार और बच्चों के साथ इस समारोह के साक्षी बने हैं, यह इस संस्था के संघर्ष और समर्पण का जीता-जागता प्रमाण है।



## विधायक ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

विधायक निवास में जन समस्या शिविर लगाया गया जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के पश्चात कुछ समस्याओं का त्वरित निराकरण किया।

विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते के विधायक निवास में जन समस्या शिविर विधायक की उपस्थिति में लगाया गया। प्रतापपुर ब्लॉक अंतर्गत सभी गांवों से बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी समस्या व सुझावों लेकर विधायक निवास पहुंचे। विधायक ने एक एक करके लोगों की समस्याओं सुनी और तत्काल उनका निराकरण किया। जन शिविर में प्रतापपुर ब्लॉक के समस्त विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान शिविर में ही हो गया। विधायक शकुंतला सिंह ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्या उनकी समस्या है। किसी भी समस्या के लिए अगर कोई अधिकारी आनाकानी करता है तो सीधा उनसे बताएं, अगर किसी प्रकार का कोई अधिकारी जनता को परेशान करेगा तो उसकी खैर नहीं है। जन समस्या शिविर में मुकेश तायल, मानती योगेंद्र सिंह, अजीत शरण सिंह, लक्ष्मी गुप्ता, अवधेश पांडे, नवीन नाविक, सौरव मानिकपुरी, नीलम, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, लालमेन पैकरा, योगेंद्र सिंह, संजय, संदीप रजक, नंदा यादव, विक्रम नामदेव, अजय सिंह, दीपक दुबे, सोनू शर्मा,अंकित सिंह, अभिषेक कुशवाहा, संतोष रजक, बुधराम देवांगन, अक्षय रवि, नीलम रजक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



## कुम्हारों के लिए गांवों में 5 एकड़ भूमि आरक्षित कराने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** कुम्हारों के लिए प्रत्येक गांव में मिट्टी की कार्य कराने के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने की आदेश जारी करने के बावजूद आज तक जिले के गांव में भूमि आवंटित नहीं किए जाने को लेकर कुम्हार समाज पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर पहल कराने की मांग की है।

कुम्हार समाज के जिला अध्यक्ष शंकर प्रजापति के नेतृत्व में कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में बताया है कि 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह की निर्देश पर राजस्व विभाग के अवर सचिव विलियम कुजूर ने भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 237 का हवाला देते हुए 26 सितम्बर 2006 को आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने की आदेश जारी किया है। मामले में राजस्व आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव नीलम नामदेव एक्का ने 20 अप्रैल 2023 को आदेश जारी कर राज्य के समस्त कलेक्टर को निर्देशित करते हुए कुम्हारों के लिए मिट्टी कार्य प्रयोजन के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कुम्हारों के लिए 5 एकड़ भूमि आरक्षित करने के लिए फिर से आदेश जारी कर कलेक्टरों को निर्देशित कर जिले के तहसीलदार द्वारा तहसील स्तर पर सर्वे कराकर आरक्षित भूमि करने कहा गया था। कुम्हार समाज के लिए सरकार कई बार आदेश जारी करने की बावजूद जिले के कलेक्टर इस मामले में गंभीर नहीं ले रहे हैं। समाज के लोगों ने गांव में 5 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष घासी राम प्रजापति, सुहांग प्रजापति, शिवनाथ प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति सहित अन्य मौजूद थे।

## यूरिया खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन आज

**रामानुजगंज।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष केपी सिंहदेव के अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय तिर्की के आतिथ्य में रामानुजगंज में सुबह 11 बजे से भारत माता चांदनी चौक पर 11 सितंबर को यूरिया खाद की किल्लत एवं 266 रुपये के जगह पर 1 हजार रुपये मे खरीदने को मजबूर होने के कारण किसानों को हो रही परेशानी एवं वन भूमि अधिकार पट्टा प्राप्त जमीन में लगाए धान का पंजीयन गिरदावरी नहीं होने को लेकर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन का निर्णय जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा ली गई है। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल एवं सभी प्रकोष्ठ पदाधिकारी को धरना प्रदर्शन में उपस्थित होने कहा है।

## बाड़ी में गांजा की खेती करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सामरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अपनी बाड़ी में गांजा की खेती करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही गांजे के 12 नग पौधों को जब्त किया है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20बी के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह को रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम राजेन्द्रपुर बीचपारा निवासी विनोद नगेसिया पिता बहादुर नगेसिया ने अपनी बाड़ी में मक्के के साथ गांजे के पौधे लगाया है। सूचना पर पुलिस टीम गांव पहुंची तथा ग्रामीणों की उपस्थिति में विनोद के घर एवं बाड़ी की तलाशी ली तो गांजा के 12 पौधे बरामद किए गए। पौधों का वजन 8.340 किलोग्राम निकला। जब्त पौधों की अनुमानित कीमत 33 हजार रूपए आंकी गई है। गवाहों के समक्ष 50 एनडीपीएस एक्ट के तहत नोटिस देकर पौधों के जब्ती की कार्रवाई की गई तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### डेढ़ लाख मूल्य का 5 किलो गांजा बरामद


**सूरजपुरध/बिहारपुर।** मुखबीर से मिली सूचना पर चांदनी पुलिस ने ग्राम नवाटोला निवासी मीरा देवी साहू पति स्व.लोकनाथ साहू (40वर्ष) के घर की तलाशी लेकर 5 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 1 लाख 50 हजार रूपये बताया जा रहा है। मामले में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी महिला को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रदीप सिदार व अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।



# बैटल ऑफ गलवां सेट से सलमान ने शेयर की तस्वीर

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बैटल ऑफ गलवां की शूटिंग में व्यस्त हैं। हाल ही में एक्टर ने अपने सोशल मीडिया पर 'बैटल ऑफ गलवां' सेट से एक तस्वीर साझा की है, जो इंटरनेट पर आते ही छा गई है। नेटिजंस इसे बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है, जिसमें वो अपनी आगामी फिल्म 'बैटल ऑफ गलवां' की शूटिंग करते दिख रहे हैं। साझा की गई तस्वीर में अभिनेता के माथे से खून बहता दिख रहा है और वो वर्दी पहने नजर आ रहे हैं। साथ ही सलमान के सामने एक्शन के लिए क्लैपरबोर्ड लगा हुआ दिख रहा है।

लाइफ Style



# रश्मिका देवराकोंडा संग गुपचुप कर ली सगाई!

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा के इश्क के चर्चे काफी लंबे समय से हैं, पर दोनों ने आज तक अपना रिलेशनशिप खुलकर कन्फर्म नहीं किया है। हालांकि, रश्मिका और विजय को कई बार साथ में देखा गया है।

वेकेशन की तस्वीरों से भी बहुत बार हिंट मिला कि रश्मिका मंदाना और विजय देवराकोंडा एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। लेकिन, अब चर्चा हो रही है कि दोनों ने सगाई कर ली है। क्या वाकई ऐसा है? रश्मिका मंदाना हाल ही साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाइर्स में शामिल होने के लिए दुबई पहुंचीं। वहां उन्होंने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। हालांकि, रश्मिका की खूबसूरती से ज्यादा चर्चा हीरे की अंगूठी की रही। दरअसल, जब रश्मिका मिलान रवाना होने के लिए एयरपोर्ट पहुंचीं, तो उन्होंने उंगली में एक खूबसूरत हीरे की अंगूठी पहनी हुई थी। उसी को देख कयास लगाए जाने लगे कि रश्मिका ने सगाई कर ली है। इसका वीडियो भी सामने आया, जिसे देख यूजर्स सवाल करने लगे। वहीं, कुछ ने एक्ट्रेस को बधाई देनी भी शुरू कर दी। एक यूजर ने वीडियो देख कमेंट लिखा, 'कोई देवराकोंडा का भी हाथ चेक कर लो।' एक ने लिखा, 'बधाई हो, फाइनली।' वहीं, फैंस ने रश्मिका से कहा कि वो सच बता दें। बेशक, रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा के अफेयर की खबरें काफी समय से हैं, पर इन्हें तब और बल मिला, जब दोनों अगस्त 2025 में न्यूयॉर्क में एक इंडिया डे परेड में एक-दूसरे का हाथ पकड़े देखे गए।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्रेकफास्ट इन... रहा चर्चित एल्बम

**लॉस एंजिल्स।** कैंसर से लंबी जंग के बाद रिक डेविस ने दुनिया को अलविदा कह दिया। 81 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। साल 2015 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा नाम की बीमारी का पता चला था। रिक डेविस ब्रिटिश बैंड सुपरट्रैम्प के को- फाउंडर रहे, इनके रॉक म्यूजिक बैंड ने 'ब्रेकफास्ट इन अमेरिका' नाम एल्बम निकाला था, जो म्यूजिक चार्ट में अपने समय में टॉप पर रहा। इसके अलावा रिक डेविस ने 'गुडबाय स्ट्रेंजर' और 'ब्लडी वेल राइट' जैसे हिट गाने लिखे और गाए।



# द स्टूडियो ने झटकी 9 ट्रॉफी द पेंगुइन ने भी मारी बाजी

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स में 2025 क्रिएटिव आर्ट्स एमी अवाइर्स की पहली रात आयोजित हुई। इसमें 9 ट्रॉफियों के साथ एप्पल टीवी प्लस का 'द स्टूडियो' आगे रहा। एचबीओ के क्राइम ड्रामा'द पेंगुइन ने 8 अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। वहीं, एप्पल टीवी प्लस के सेवरेंस ने 6 अवॉर्ड जीते हैं। इसमें नैरेटिव कंटेपररी प्रोग्राम के लिए प्रोडक्शन डिजाइन का अवॉर्ड भी शामिल है। दूसरी तरफ नेटफ्लिक्स के आर्केन' ने भी बाजी मारी और 4 अवॉर्ड झटके, जिसमें एक एनिमेटेड प्रोग्राम शामिल है। ब्रायन क्रैन्स्टन (द स्टूडियो), शॉन हैटोसी (द पिट) और जूलियन निकोलसन (हैक्स) उन सितारों में शामिल थे, जिन्हें पीकॉक थिएटर में विनर अनाउंस किया गया।



# दिलबरो सिर्फ एक गाना नहीं, एहसास है...

**मुंबई।** 2018 में रिलीज हुई फिल्म राजी का विदाई गीत 'दिलबरो' आज भी हर शादी की विदाई को भावुक कर देता है। यह गाना केवल एक फिल्मी सीक्वेंस नहीं था, बल्कि एक असली रिश्ते की कसक से बुना हुआ पल था। इस गाने में आलिया भट्ट और उनकी असली मां सोनी राजदान नजर आईं, जहां मां अपनी बेटी को विदा कर रही थीं। 'दिलबरो' सिर्फ एक गाना नहीं, एक एहसास है, हर उस बेटी का जो अपने पिता की उंगली थामकर पली-बढ़ी और एक दिन उनके आंसुओं के साए में विदा हो गई। गीत में दिखाया गया सीन हर उस पिता की बेबसी को सामने लाता है, जो बेटी को पलकें झपकते ही पराई कर देता है। विदाई के समय आंखों में उमड़ते आंसू, हाथों में बेटी का हाथ और सीने में उठता तूफान 'दिलबरो' ने इस दर्द को बिना किसी बनावट के बड़े परदे पर जिंदा कर दिया।



# बीच गाने में जोड़ दिया ट्रंप का नाम...

**मुंबई।** सिंगर-रैपर बादशाह इन दिनों यूएसए के अपने 'अनफिनिश्ड यूएसए टूर' पर हैं, जहां वो उत्तरी अमेरिका में धूम मचा रहे हैं। अपने गानों और रैप से बादशाह अपने कॉन्सर्ट में लोगों को झूमने पर मजबूर कर रहे हैं। इस बीच न्यू जर्सी के हालिया शो में बादशाह ने कुछ ऐसा किया जो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, गाने के बीच बादशाह ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का जिक्र कर दिया। इससे वहां मौजूद सभी लोग हैरान रह गए और श्रोता तालियां बजाने लगे। बादशाह कॉन्सर्ट के दौरान फिल्म 'वीरे दी वेडिंग' का हिट सॉन्ग 'तारीफां' गा रहे थे। इसी दौरान बादशाह ने अचानक गाने की एक लाइन में कुछ बदलाव कर दिया और डोनाल्ड ट्रंप का नाम उसमें जोड़ दिया। पहले गाने की असली लाइन 'किन्नियां तारीफां चाहिदी ऐ तेनु जिसका अर्थ है कि तुम्हें कितनी तारीफें चाहिए गा रहे थे।

## टीवी मसाला



# ठाठ-बाट दिखाने वाली तान्या मित्तल ने खोला घर का सच

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' इन दिनों सुर्खियों में है। जिसे सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। शो की कंटेस्टेंट तान्या मित्तल ने पहली बार अपनी जिंदगी के डार्क साइड के बारे में बताया है। जो तान्या अभी तक चकाचौंध की जिंदगी के बारे में बताती आई हैं। उन्होंने बड़ा खुलासा किया कि वह बचपन में पिता की मार पिटाई झेल चुकी हैं। उनके पिता तो उनकी शादी कर देना चाहती थीं। मगर वह घर से अपने सपनों के लिए लड़ी थीं। तान्या मित्तल ने बताया कि बचपन में उनके पिता उन्हें मारते थे। जिससे वह आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगी थीं। कुछ दिन पहले बिग बॉस हाउस में कुनिका सदानंद और तान्या मित्तल के बीच झगड़ा हुआ था। जिसमें तान्या ने कुनिका को काफी भला-बुरा कहा। इसके बाद तान्या की लोगों ने काफी आलोचना भी की। अब कुनिका सदानंद ने एक टास्क के दौरान तान्या मित्तल की मां पर निशाना साधा और उनकी परवरिश पर सवाल उठाए। तान्या अपनी मां का अपमान सहन नहीं कर सकीं और फूट-फूट कर रोने लगीं। रोते हुए तान्या ने कहा- मेरी मां को किसी बहस में घसीटना सही नहीं है। उन्होंने मेरे लिए बहुत कुछ सहा है। मेरे पिता मुझे मारने के लिए दौड़ पड़ते थे और मेरी मां मुझे बचा लेती थीं। आज मैं जिस मुकाम पर हूं। वहां तक पहुंचना मेरे लिए आसान नहीं था।

## 7.50 लाख के सवाल पर ऑडियंस भी हुई फेल

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति 17 के एक एपिसोड की शुरुआत कंटेस्टेंट अभिषेक के साथ हुई, जो ग्रेजुएशन कर रहे हैं। वे आईएएस अफसर बनना चाहते हैं। वे अपने मां-बाप के साथ एक कमरे में रहते हैं, इसलिए उनका सपना परिवार के लिए एक ड्रीम होम खरीदना है।



कंटेस्टेंट की मां ने बताया कि वे डिस्ट्रिक्ट टॉपर रहे हैं। अमिताभ बच्चन को भी उनका नाम लेने पर खुशी हो रही थी, क्योंकि उनके बेटे का नाम भी अभिषेक (बच्चन) है। अभिषेक ने शुरुआत में अच्छा खेल दिखाया, लेकिन उन्हें 50 हजार रुपए के सवाल पर पहली लाइफ लाइन संकेत सूचक का इस्तेमाल करना पड़ गया। उन्होंने 1 लाख के सवाल पर दूसरी लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल करके सही जवाब दिया, हालांकि उन्होंने 2 लाख रुपए के 8वें प्रश्न का जवाब बिना किसी लाइफ लाइन के दिया, जो सही निकला। अभिषेक ने 3 लाख रुपए के सवाल पर तीसरी लाइफ लाइन '50 50' इस्तेमाल की और 5 लाख रुपए 10वें सवाल पर पहुंचे। उन्होंने अगले पड़ाव में सुपर संदूक के 6 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया. 7.50 लाख रुपए के 11वें सवाल पर अभिषेक ने ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया, जो गलत साबित हुआ।

# सनी संस्कारी की तुलसी के नए होली सॉन्ग पनवाड़ी की दिखी झलक

**मुंबई।** जान्हवी कपूर और वरुण धवन की फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' दशहरा के अवसर पर 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म के गाने 'पनवाड़ी' की एक खास झलक का मोशन पोस्टर शेयर किया है। जिसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। धर्मा प्रोडक्शन ने आज इंस्टाग्राम पर फिल्म के नए गाने 'पनवाड़ी' की खास झलक शेयर की। इस मोशन पोस्टर में जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित श्रॉफ और वरुण धवन होली के रंग में रंगे नजर आ रहे हैं। इस शानदार मोशन पोस्टर के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'इस त्यौहारी सीजन में, हम आपके लिए रंगों से सराबोर कुछ मजेदार चीजें लेकर आ रहे हैं। पनवाड़ी गाना 10 सितंबर, इस बुधवार को रिलीज होगा।' फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म का लेखन और निर्देशन शशांक खेतान ने किया है। इस फिल्म का निर्माण धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल फिल्म ने मिलकर किया है। सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी इस दशहरा 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# कभी रिलीज नहीं हुई अमिताभ की यह फिल्म फाइनल हो गई थी रेखा के साथ जोड़ी

**मुंबई।** एक वक्त था जब अमिताभ बच्चन का किसी फिल्म पर हाथ रख देना उसके हिट होने की गारंटी माना जाता था। बॉलीवुड के एंग्री यंग मैन ने लगभग हर तरह के किरदार किए और आज तक भारतीय सिनेमा जगत में सक्रिय हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि उनकी एक फिल्म ऐसी भी थी, जो बनी तो सही, लेकिन ना कभी एडिट हुई और ना ही सिनेमघरों में रिलीज हुई। बावजूद इसके कि इसका टाइटल अमिताभ की छवि से काफी हद तक मेल खाता था।



***स्टार कास्ट हो चुकी थी फाइनल :*** अमिताभ बच्चन के साथ रेखा, महमूद, मदनपुरी और राकेश रोशन को कास्ट करके उस दौर के कामयाब एक्टर-डायरेक्टर महमूद ने एक फिल्म बनाने का फैसला किया। इस फिल्म का टाइटल सोचा गया - लंबू दादा। अमिताभ बच्चन फिल्म में लीड रोल प्ले करने वाले थे और उनके किरदार को थोड़ा टपोरी फील दिया गया था। महमूद के साथ अमिताभ इससे पहले 'बॉम्बे टू गोवा' बना चुके थे और वह फिल्म हिट रही थी।

### क्यों रिलीज नहीं हो सकी फिल्म

ऐसे में अमिताभ बच्चन समेत बाकी एक्टर्स को भी पूरा भरोसा था कि लंबू दादा भी बॉक्स ऑफिस पर कमाल कर जाएगी। साल 1978 में यह फिल्म अनाउंस हुई और मेकर्स के साथ-साथ क्रू और दर्शक भी इस मूवी के लिए काफी एक्साइटेड थे। लेकिन, यह फिल्म कभी रिलीज ही नहीं हुई। अगर यह फिल्म बनती तो शायद अमिताभ के कॅरियर में एक और नई उपलब्धि जुड़ जाती। दरअसल, यह फिल्म 2 स्टेज में बनाई गई। पहले जब इस पर काम शुरू हुआ और सारी चीजें फाइनल की जा चुकी थी। तब यह फिल्म टाल दी गई।

### पूरी तरह बदलकर रिलीज हुई

क्योंकि टाइटल काफी दिलचस्प था तो करीब 10 साल बाद इसे दोबारा शुरू किया गया। इस बार फिल्म के निर्देशक से लेकर प्रोड्यूसर और स्टार कास्ट तक सब कुछ बदल दिया गया। कहानी में भी काफी बदलाव किए गए। कहा जा सकता है कि एक तरह से पूरी फिल्म ही नई बनाई गई, सिर्फ टाइटल पुराना रखा गया। नई कहानी में कबीर बेदी और माधवी थे, और यह एक छोटे बच्चे और एक क्रिमिनल के कनेक्शन की कहानी थी। नया वर्जन रिलीज हुआ, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर चला नहीं।

## अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम भी नहीं

# टॉप 10 स्टार्स की लिस्ट से गायब शाहरुख, ऋतिक को रणवीर ने पछाड़ा

*मुंबई। बॉलीवुड के टॉप 10 एक्टर्स की लिस्ट में शाहरुख खान, अक्षय कुमार और विकी कौशल जैसे स्टार्ट का नाम कहीं नहीं है। वहीं, एक एक्टर ऐसा है जिसमें ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और रणवीर सिंह जैसे एक्टर्स को धूल चटा दी है।*

***ऋतिक रोशन :*** *इंडिया फोरम ने टॉप 10 बॉलीवुड एक्टर्स की लिस्ट जारी कर दी है। एक से लेकर 8 सितंबर तक के डाटा के आधार पर यह लिस्ट बनाई गई है और इसमें 10वीं पोजिशन मिली है ऋतिक रोशन को।*

***प्रियंका चोपड़ा :*** *बीते काफी वक्त से हॉलीवुड फिल्में और टीवी शोज कर रहीं प्रियंका चोपड़ा ने अभी तक भारतीय दर्शकों के दिलों में जगह बनाई हुई है। टॉप 10 की लिस्ट में उन्हें 9वीं जगह मिली है।*

***शिल्पा शेट्टी :*** *शिल्पा शेट्टी कुंद्रा भले ही फिल्मों में जगह ना मिल रही हो, लेकिन दर्शकों ने अभी तक उन्हें अपने दिल में जगह जरूर दी हुई है। लिस्ट में शिल्पा को 8वीं पोजिशन मिली हुई है।*

***आलिया भट्ट :*** *टॉप 10 की इस लिस्ट में 7वें नंबर पर हैं आलिया भट्ट। आने वाले वक्त में आलिया भट्ट की कई फिल्में आने वाली हैं जिनमें ब्रह्मास्त्र का पार्ट-2 भी शामिल है।*

***रणबीर कपूर :*** *बैक-टू-बैक कई ब्लॉकबस्टर फिल्में दे चुके रणबीर कपूर को लिस्ट में नंबर 6 पोजिशन मिली है। खबर है कि रणबीर कपूर की फीस भी बीते कुछ महीनों में काफी बढ़ गई है।*



***रणवीर सिंह :*** *रणबीर कपूर को इस लिस्ट में पटखनी देने का काम किया है एक्टर रणवीर सिंह ने। रणवीर लिस्ट में नंबर 5 पर हैं। धुरंधर मूवी को लेकर रणवीर सिंह चर्चा में हैं, इस फिल्म में धमाकेदार एक्शन होगा और उनके साथ नजर आएंगे संजय दत्त।*

***दीपिका पादुकोण :*** *शाहरुख खान के साथ फिर एक बार बड़े पर्दे पर नजर आने जा रहीं दीपिका पादुकोण को लिस्ट में चौथी पोजिशन मिली है। मालूम हो कि किंग मूवी में दीपिका फीमेल लीड रोल करती नजर आएंगी।*

***सिद्धार्थ मल्होत्रा :*** *रणवीर सिंह, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, आलिया भट्ट और दीपिका पादुकोण जैसे स्टार्स को पछाड़ते हुए सिद्धार्थ मल्होत्रा ने इस लिस्ट में तीसरी पोजिशन हासिल कर ली है।*

***कटरीना कैफ :*** *फिल्मों में भले ही नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन विकी कौशल की पत्नी और बॉलीवुड की स्टार एक्ट्रेस कटरीना कैफ आज भी टॉप 10 की लिस्ट में नंबर 2 पर काबिज हैं।*

***सलमान खान :*** *बात करें टॉप 10 की लिस्ट में पहले पायदान पर काबिज सुपरस्टार की तो यह क्राउन मिला है सलमान खान को। बिग बॉस 19 और गलवान फिल्म की वजह से चर्चा में रहे सलमान लिस्ट में पहले नंबर पर रहे हैं। शाहरुख खान को लिस्ट में 13वीं, विकी कौशल को 15वीं और अक्षय कुमार को 18वीं पोजिशन मिली है।*

## खबर संक्षेप

### जिला भाजपा में मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति

**रायगढ़।** भाजपा प्रदेश महामंत्री पवन साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव और जिला अध्यक्ष अरुण धर दीवान के मार्गदर्शन में जिला मीडिया प्रभारी गणेश अग्रवाल ने मंडल स्तर पर मीडिया व सोशल मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति सूची जारी की है। रायगढ़ शहर से लेकर जूटमिल, कोडातराई, पुसौर, लोइंग, खरसिया, तारापुर, महका, चपले, किरोड़ीमल, सूपा, जोबी, राजपुर, लैलूंगा, तमनार, रोडोपाली, मुकडेगा, संबलपुरी, कुड़ुमकेला, छाल, धरमजयगढ़, कापू, घरघोड़ा और बाकरुमा मंडल तक जिम्मेदारी सौंपी गई है। मीडिया प्रभारी गणेश अग्रवाल ने सभी नियुक्त प्रभारियों को बधाई देते हुए कहा कि वे सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### रोजगार मेला पंजीयन शिविर आज व कल

**रायगढ़।** राज्य स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 9 एवं 10 अक्टूबर 2025 को रायपुर में प्रस्तावित है। रोजगार मेला में भाग लेने वाले आवेदकों के लिए दो दिवसीय विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन 11 एवं 12 सितम्बर को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ के मुख्य कार्यशाला भवन में किया जाएगा। जिसमें वर्ष 2022 से 2025 तक आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं 10 वीं एवं 12 वीं डिप्लोमा उत्तीर्ण निःशुल्क पंजीयन करा सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: कलेक्टर

**रायगढ़।** जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जनदर्शन व विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का समयबद्ध और संतोषजनक निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान जनदर्शन के प्रकरणों के गुणवत्ताहीन निराकरण पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि दूर-दराज से लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर आते हैं, ऐसे में उनके आवेदनों का निराकरण विभाग प्रमुख स्वयं सुनिश्चित करें। जिन आवेदनों के निराकरण में एक से अधिक कार्यालयों की भूमिका है, उन आवेदनों का निराकरण आपसी समन्वय स्थापित कर किया जाए। आवेदक को संतोषजनक परिणाम मिले, यह सुनिश्चित करें। राजस्व से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने तहसीलदारों को निर्देश दिए।

## पेज 1 के शेष...

### नकली को असली ...

से पकड़ने में जशपुर पुलिस को सफलता मिली है। मनेंद्रगढ़ में छिपा था आरोपी- आरोपी अशोक बंजारे के मनेन्द्रगढ़ में होने की जानकारी मिलने पर अविलंब पुलिस टीम को गिरफ्तारी हेतु भेजा गया, टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर आरोपी अशोक बंजारे को अभिरक्षा में लेकर थाना बगीचा लाया गया। लुट की रकम को आपस में बांट, उसी पैसे लड़ा सरपंच का चुनाव- पूछताछ में आरोपी ने ठगी की रकम को आपस में बांट लिये एवं सरपंच चुनाव एवं घरेलू उपयोग में खर्च कर देना बताये। आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे दिनांक 09.09.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। गिरफ्तारी में इनकी रही भूमिका- फरार आरोपी की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम, केष पाण्डेय, बलिराम रवि की सराहनीय भूमिका रही है।

### जिला कार्यालय आने ...

जिसके लिए उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक एवं समय सीमा बैठक में समस्त विभाग प्रमुखों तथा अधिकारियों को अपने कार्यालयों में कर्मचारियों को बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट के प्रवेश ना देने को निर्देश दिया गया है। आज प्रथम दिवस पर समझाइश देकर लोगों को हेलमेट पहनने को प्रेरित किया गया है पर आगामी दिनों में लगातार जांच कर लाइसेंस, गाड़ी के कागजात, हेलमेट, सीटबेल्ट, इंश्योरेंस आदि ना होने पर नियमानुसार जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जाएगा। कलेक्टर ने विभाग प्रमुखों को भी सभी को प्रेरित करने के लिए सर्वप्रथम स्वयं सड़क सुरक्षा मानकों का पालन कर सीटबेल्ट एवं हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने को कहा है।

गरीब और मध्यम वर्गीय छात्रों के लिए तकनीकी शिक्षा का नया ठिकाना बना संस्थान

# गढ़उमरिया में सरकारी सहयोग से शुरू हुआ नव गुरुकुल, रोजगार की मिलेगी गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गढ़उमरिया के केआईटी कैंपस स्थित नवगुरुकुल में गरीब और मध्यमवर्गीय छात्र तकनीकी शिक्षा के माध्यम से नया आयाम गढ़ रहे हैं। सरकारी सहयोग से शुरू हुए इस नवगुरुकुल के छात्रों को रोजगार की गारंटी मिल रही है।

डिजिटल युग में तकनीकी शिक्षा को हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यरत नवगुरुकुल संस्था ने अब छत्तीसगढ़ में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा ली है। हाल ही में रायगढ़ में नवगुरुकुल कैंपस का उद्घाटन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया। यह संस्था पूरी तरह से नॉन-प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन है और उन छात्रों के लिए खास अवसर लेकर आई है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं पर आईटी और टेक्नोलॉजी की दुनिया में करियर बनाना चाहते हैं। एक छोटे से कैंपस से आरंभ हुई यह पहल धीरे-धीरे पूरे देश में फैल गई। आज भारत के 9 बड़े शहरों पुणे, हिमांचल, उदयपुर में इसके कैंपस संचालित हो रहे हैं। कहीं यह संस्था सरकार के साथ मिलकर काम करती है तो कहीं इसे स्वयंसेवी आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में रायगढ़, जशपुर और दंतेवाड़ा में नवगुरुकुल के कैंपस सक्रिय हैं। खास बात यह है कि तीनों कैंपस राज्य सरकार के सहयोग से संचालित हो रहे हैं। इन केंद्रों में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ छात्रों को जीवन कौशल और रोजगारपरक प्रशिक्षण भी दिया जाता है। रायगढ़ में हाल ही में स्थापित हुए कैंपस को लेकर छात्रों में खासा उत्साह है। यह संस्था उन युवाओं को मौका देती है जिनके पास बड़े शहरों में जाकर पढ़ाई करने की क्षमता नहीं होती, लेकिन वे आईटी सेक्टर में करियर बनाने का सपना रखते हैं।



### छात्रों को होने वाले फायदे

नवगुरुकुल से जुड़ने वाले छात्रों को कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। छात्र अपनी डिग्री के साथ-साथ तकनीकी सर्टिफिकेट हासिल कर सकते हैं। रोजगार की संभावनाएं केवल आईटी सेक्टर तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी अवसर बढ़ते हैं। प्लेसमेंट की जिम्मेदारी संस्था खुद लेती है। पढ़ाई के दौरान ही छात्रों की कई स्किल्स विकसित हो जाती हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और करियर दोनों मजबूत होते हैं। रायगढ़ कैंपस की पार्टनर एसोसिएट प्रेरणा गुप्ता ने बताया कि यहां पढ़ाई केवल किताबों तक सीमित नहीं है। छात्रों को हर चीज़ को सीखने में व्यक्तिगत स्तर पर मदद की जाती है। उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए हम इंग्लिश, स्पीकिंग और लाइफ स्किल्स पर विशेष ध्यान देते हैं। यही कारण है कि यहां से निकलने वाले छात्र सिर्फ नौकरी पाने वाले नहीं, बल्कि जीवन की हर चुनौती का सामना करने वाले बनते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था में माहौल पूरी तरह दोस्ताना और सहयोगी है। इस प्रशिक्षण केन्द्र में लगभग 150 छात्राओं को 18 महीने का कोडिंग, सॉफ्टवेयर प्रोग्रामिंग, ग्राफिक डिजाइन, फाइनेंस, बिजनेस मैनेजमेंट, और एजुकेशन में कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### एडमिशन की यह है प्रक्रिया

नवगुरुकुल में प्रवेश पाने के लिए कुछ बुनियादी शर्तें तय की गई हैं। छात्रों को कम से कम 10वीं पास होना जरूरी है। परिवार की वार्षिक आय 5 लाख रुपए या उससे कम होनी चाहिए। इसके बाद चयन की प्रक्रिया शुरू होती है, जिसमें तीन चरण लिखित परीक्षा, इंटरव्यू व दस्तावेज़ सत्यापन शामिल हैं। इस प्रक्रिया के जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि केवल योग्य और सही पात्रता वाले छात्र ही संस्था से जुड़ें। खासतौर पर दस्तावेज़ सत्यापन इसलिए किया जाता है ताकि कोई भी छात्र गलत आय प्रमाण पत्र देकर प्रवेश न ले सके।

### क्या सिखाया जाता है यहां

नवगुरुकुल की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां छात्रों को केवल तकनीकी शिक्षा ही नहीं दी जाती, बल्कि उन्हें एक संपूर्ण इंसान के रूप में तैयार किया जाता है। छात्रों को कोडिंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डिजिटल टूल्स की जानकारी दी जाती है। इसके अलावा विशेष फोकस अंग्रेज़ी बोलने और लिखने की क्षमता पर किया जाता है, ताकि छात्र इंटरव्यू और कॉर्पोरेट माहौल में खुद को बेहतर साबित कर सकें। इतना ही नहीं समय प्रबंधन समस्या समाधान और टीम वर्क जैसी क्षमताएं भी सिखाई जाती हैं। साथ ही छात्रों को आत्मविश्वास से बोलने और प्रस्तुति देने की ट्रेनिंग दी जाती है। इसी प्रकार संस्था छात्रों को लैपटॉप उपलब्ध कराती है, ताकि वे प्रैक्टिकल तरीके से हर तकनीक को सीख सकें।

### नवगुरुकुल की क्या है विशेषता

नवगुरुकुल को अन्य तकनीकी संस्थानों से अलग बनाती है इसकी नॉन-प्रॉफिट सोच और समग्र शिक्षा प्रणाली। जहां अन्य संस्थान केवल पढ़ाई पर ध्यान देते हैं, वहीं नवगुरुकुल छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व को निखारने पर फोकस करता है। गरीब और मध्यमवर्गीय छात्रों के लिए यह खुला मंच है। यह पूरी तरह से सरकारी सहयोग और सामाजिक भागीदारी पर आधारित है।

### चावल गबन प्रकरण में सात साल बाद कार्रवाई




**पुसौर।** कांदागढ़ पंचायत में सात साल पहले के कथित चावल गबन प्रकरण में अचानक हुई कार्रवाई से पूर्व सरपंच सोमती सिदार ने शासन-प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जिस कार्य में उनका कोई हस्ताक्षर या जवाबदेही नहीं थी उसमें उन्हें केवल सरपंच पद पर रहने के कारण फंसा दिया गया और जेल तक भेज दिया गया। सरपंच सोमती सिदार का कहना है कि 2018 में फूड इंस्पेक्टर ने निरीक्षण किया और सचिव से शिकायत लिखवाई। जबकि न तो जनता ने कभी कमी की शिकायत की और न ही उन्हें खुद कोई जानकारी थी। अगर तीन माह का चावल नहीं बंटा, तो जनता क्यों शिकायत लेकर नहीं गई। किस माह का चावल अप्राप्त रहा, आज तक किसी को पता नहीं। पूर्व सरपंच का कहना है कि चावल वितरण का पूरा काम पंचायत सचिव के नाम से होता था। सचिव ने खुद माना था कि हर माह दो-तीन क्विंटल चावल कम आता था और उसकी भरपाई के लिए उसने फूड इंस्पेक्टर को नगद दिया। रजिस्टर और टैबलेट तक सचिव के पास थे। बावजूद इसके जिम्मेदारी मुझ पर डाल दी गई। सोमती सिदार ने बताया कि अपने कार्यकाल में उन्होंने आंगनबाड़ी भवन, सीसी सड़क, शौचालय, तालाब, सामुदायिक भवन, रोजगार और मुआवजा जैसे सैकड़ों विकास कार्य किए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व शिविर का आयोजन

**घरघोड़ा।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने और गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत वृहद स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.आर. पैंकरा और डॉ. गभेल सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार किया। आयोजित शिविर में कुल 54 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 17 महिलाएं उच्च जोखिम (हाई रिस्क) श्रेणी में पाई गईं। इनमें एक महिला सिकलिंग पॉजिटिव भी चिन्हित हुई। उच्च जोखिम वाली महिलाओं को सोनोग्राफी, विशेष परामर्श और आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के निर्देशानुसार यह अभियान हर महीने की 9 और 24 तारीख को संचालित किया जाता है। इसका उद्देश्य मातृ मृत्यु दर को शून्य स्तर तक लाना और गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, परामर्श व निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। शिविर के सफल आयोजन में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी विनोद एक्का, पर्यवेक्षक रोहित डनसेना सहित समस्त स्वास्थ्य स्टाफ का विशेष योगदान रहा।



### दुलेराम सौर ऊर्जा से आत्मनिर्भरता की राह पर

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का असर अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ दिखने लगा है। रायगढ़ जिले के ग्राम गुढगहन के एक निवासी, दुलेराम पटेल, ने इस योजना का लाभ उठाते हुए अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का रूफटॉप सोलर पैनल लगवाया है। इस कदम से उन्हें लगातार बिजली बिल में भारी बचत हो रही है। मई माह में दुलेराम पटेल के सोलर पैनल ने 165 यूनिट बिजली का उत्पादन किया, जिससे उन्हें 678 रुपए की सब्सिडी मिली। इसके बाद जून माह में उनके पैनल ने 171 यूनिट बिजली पैदा की। इस महीने उन्हें 814 रुपए की छूट मिली और उनका बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया। दुलेराम पटेल ने बताया कि सोलर पैनल से सिर्फ बिजली के बिल में राहत ही नहीं मिलती, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वे सौर ऊर्जा का उपयोग कर न केवल आत्मनिर्भर बन रहे हैं।

## संकल्प शिक्षण संस्थान में वित्तीय साक्षरता वर्कशॉप का शुभारंभ

**जशपरनगर।** जिला कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन में संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में वित्तीय साक्षरता वर्कशॉप का शुभारंभ किया गया। शिक्षा विभाग के प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा और जिला शिक्षा अधिकारी पी.के. भटनागर के निर्देशन में आयोजित इस वर्कशॉप में जशपुर विकासखंड के 10 विद्यालयों से आए लगभग 150 विद्यार्थी और शिक्षक सम्मिलित हुए। संकल्प संस्थान के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने बताया कि विद्यार्थियों को वित्तीय अनुशासन और डिजिटल साक्षरता के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। जिले के सभी विकासखंडो में एक-एक वर्कशाप आयोजित होना है। भोपाल से आए डिजिटल कोच वीरेंद्र मिश्रा ने आज के वर्कशॉप में विद्यार्थियों को पैसे के महत्व और उसे सही तरीके से मैनेज करने, बैंकिंग की मूलभूत प्रक्रिया, सेविंग अकाउंट, यूपीआई, एटीएम और मोबाइल बैंकिंग के बारे में बताया । छात्रों को खर्च और बचत में संतुलन बनाने, बजट प्लान तैयार करने और इमरजेंसी फंड पर चर्चा हुई। विद्यार्थियों को वित्तीय प्रणाली, बैंकिंग उपकरणों, डिजिटल लेन-देन और वित्तीय सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बचत की आदत विकसित करने, बजट बनाने की विधि, आपातकालीन निधि की आवश्यकता तथा निवेश के मूलभूत सिद्धांतों को सरल ढंग से समझाया।

■ डिजिटल बैंकिंग, बजट प्रबंधन और निवेश पर दी गई विशेष जानकारी



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पांडेय और केंद्रीय विद्यालय, मॉडल स्कूल, सेजेस, एकलव्य, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय सहित 10 स्कूलों के विद्यार्थी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रगति हायर सेकेंड्री स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस



चंद्रपुर। प्रगति हायर सेकंडरी स्कूल में शिक्षक दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा-अर्चना से हुई। इसके बाद छात्रों ने अपने शिक्षकों के सम्मान में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रों ने गीत, नृत्य और नाटक के माध्यम से अपने शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर छात्रों ने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन के बिना वे जीवन में सफलता हासिल नहीं कर सकते। वहीं, शिक्षकों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य श्रीमती जयश्री दीपेश पुरोहित ने संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक दिवस हमें अपने गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान व्यक्त करने का अवसर देता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण की नींव होते हैं, जो बच्चों को सही मार्ग दिखाते हैं। अंग्रेजी माध्यम प्रधानपाठक दिनेश पुरोहित, उपप्राचार्य अंजू पुरोहित सहित सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम में सक्रिय भूमिका निभाई।

## सैनिकों कल्याण के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध कलेक्टर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास से मंगलवार को जिला सैनिक बोर्ड के सदस्यों ने कलेक्टर कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर सैनिक बोर्ड के सदस्यों ने सैनिकों के कल्याण हेतु केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की। कलेक्टर श्री व्यास ने कहा कि जिला प्रशासन सदैव सैनिकों के हितों और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सैनिक कभी भी अपनी समस्याओं एवं सुझावों को साझा कर सकते हैं, उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि आईएएस प्रशिक्षण के अंतर्गत सेना के तीनों अंगों आर्मी, एयरफोर्स और नेवी में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इस दौरान उन्होंने सेना का अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रभक्ति से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण चीजें सीखने को मिली। विदित हो कि जिला सैनिक बोर्ड का अध्यक्ष कलेक्टर होता है। इसमें उपाध्यक्ष के रूप में वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिक, पदेन सदस्य के रूप में राज्य सरकार के विभागाध्यक्ष एवं भर्ती अधिकारी, सचिव के रूप में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी तथा गैर सरकारी सदस्यों में भूतपूर्व सैनिक एवं प्रमुख नागरिक शामिल किए जाते हैं। इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सेवानिवृत्त प्रभात कुमार ठाकुर, कल्याण संयोजक सुबेदार हेमंत कुमार सार्वा, जिला सैनिक बोर्ड के उपाध्यक्ष सुबेदार मेजर कुलदीप खलखो, भूतपूर्व सैनिक सुबेदार अलोइस खाका, सुबेदार केआर यादव तथा प्रमुख नागरिकों में डॉ.अभय सिंह बैरागी, गणेश नारायण मिश्र, रामकुमार सिंह और सुनील कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

■ जिला सैनिक बोर्ड के सदस्यों ने कलेक्टर से की सौजन्य भेंट



## व्याख्याता भोजराम का विद्यालय परिवार ने किया अभिनंदन

**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तारापुर के प्रभारी प्राचार्य एवं व्याख्याता भोजराम पटेल को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के हाथों डॉ. बलदेव स्मृति सम्मान मिलने के उपरांत विद्यालय लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार, छात्र-छात्राओं, शाला प्रबंधन समिति, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पटेल का अभिनंदन करते हुए उन्हें विद्यालय का गौरव बताया। ज्ञात हो कि भोजराम पटेल न केवल शैक्षणिक गतिविधियों में बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना संगठक के रूप में सामाजिक सेवा और रचनात्मक कार्यक्रमों में भी सक्रिय रहते हैं। उनकी दो पुस्तकें उड़ान और सरकारी स्कूल कैसे बने असरकारी प्रकाशित हो चुकी हैं। साथ ही उनकी साहित्यिक रचनाएँ विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशित होती रही हैं। प्रदेश के शिक्षा विभाग का सर्वोच्च सम्मान प्राप्त होने पर विभागीय अधिकारियों, शिक्षक साथियों, सामाजिक संगठनों, छात्र-छात्राओं और स्थानीय प्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी।




कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# जिंदल फाउंडेशन तमनार में मनाया गया पोषण सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

जिंदल फाउंडेशन, जेपीएल तमनार द्वारा 01 से 07 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण सप्ताह का आयोजन बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। इस वर्ष की थीम बेहतर जीवन के लिए सही भोजन करें को आधार बनाते हुए संस्थान ने अपने सातों ग्रामों में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

अभियान की शुरुआत 01 सितंबर को ग्राम धौंराभांठा में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता से हुई। इसके बाद 02 सितंबर को तमनार में पौष्टिक थाली सजावट प्रतियोगिता, 03 सितंबर को रायपारा में रंगोली प्रतियोगिता, 04 सितंबर को कसडोल में सुपोषण परिचर्चा, 05 सितंबर को चितवाही में गर्भवती माताओं के लिए पौष्टिक भोजन निर्माण, 06 सितंबर को कुंजेमुरा में स्वास्थ्यवर्धक नाश्ता प्रतियोगिता और अंत में 08 सितंबर को राबो ग्राम में आयरन युक्त आहार बनाने की प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी आयोजनों में स्थानीय महिलाओं ने भारी उत्साह के साथ भाग लिया। विशेष रूप से गर्भवती माताओं को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जानकारी दी गई। प्रतियोगिताओं और परिचर्चाओं के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को यह समझाने का प्रयास किया गया कि संतुलित भोजन अपनाकर ही परिवार और आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ रखा जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ धौंराभांठा में हुआ। जहां राजेश रावत उप महाप्रबंधक ने पोषण को दैनिक जीवनचर्या के लिए बेहद जरूरी बताया। उन्होंने कहा कि सही आहार ही स्वस्थ जीवन की नींव है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिदार ने ऐसे आयोजनों को गर्भवती महिलाओं और ग्रामीण समाज के लिए वरदान बताया। इस अभियान का सफल संचालन सुश्री नीतू सारस्वत के नेतृत्व में किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संगिनियों की सक्रिय भूमिका रही।

